# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 14 मई 2025



GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:




GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

GET IT ON Google Play

Download App

# Rajasthan Current Affairs

## by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

# Q. राजस्थान में ओरण संरक्षण के लिए गठित समिति का अध्यक्ष किसको बनाया गया है

(A) जितेंद्र राय गोयल

(B) अजय कुमार चौधरी

(C) विनोद भंडारी

(D) इनमें से कोई नही

*◆राजस्थान में ओरण संरक्षण के लिए सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी पर राजस्थान सरकार ने समिति का गठन किया है जिसके अध्यक्ष जितेंद्र राय गोयल को बनाया गया है*

*◆सुप्रीम कोर्ट ने समिति के गठन के लिए राजस्थान सरकार को निर्देश दिया था*

*◆क्या होती हैं ओरण भूमि - वह भूमि जिसे वर्षों से देवी देवताओं , मंदिरों के आस पास, जीव जंतुओं, वन्यजीव, पशुओं के विचरण एवं चरने के लिए छोड़ा था उसे देवबन या ओरण भूमि कहते है,जिसमें पेड़ की डाली भी काटना मना होता है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में देशभर में ओरण भूमि को लेकर विवाद सामने आए हैं*

**01. राजस्थान के सरकारी विभागों में कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच हेतु कौनसा पोर्टल बनाया गया है?**

**(A) ई-इन्क्वायरी पोर्टल**

**(B) ई जांच पोर्टल**

**(C) ई समीक्षा पोर्टल**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

♦राजस्थान के सरकारी विभागों में कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच के हजारों मामले लंबित चल रहे हैं। विभागीय आंकड़ों के अनुसार 14 से 15 हजार मामले पिछले दो से तीन साल से लंबित चल रहे हैं।

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी इन विभागीय जांचों के संबंध में ली गई बैठक में इस दिशा में तेजी लाने के निर्देश दिए थे।

♦जांच समय पर पूरी कर संबंधित कर्मचारी को दंडित करने के लिए ही ई-इन्क्वायरी पोर्टल बनाया गया है।

**02. मिलेट्स को बढ़ावा देने हेतु राजस्थान के कितने नए जिलों में विभिन्न स्थानों पर श्रीअन्न के आउटलेट्स खोले जाएंगे**

(A) 4

(B) 8

(C) 5

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦कर्नाटक, ओडिशा, तेलंगाना की तर्ज पर अब राजस्थान सरकार भी मिलेट्स को बढ़ावा देने की तैयारी कर रही है।

♦इसके लिए राज्य प्रत्येक जिले में विभिन्न स्थानों पर श्रीअन्न के आउटलेट्स खोले जाएंगे ताकि मिलेट्स के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही किसानों के लिए भी एक सशक्त बाजार तैयार किया जा सके।

♦राज्य सरकार ने बजट वर्ष 2025-26 में भी इसकी घोषणा की थी। इसकी क्रियान्विति को लेकर अब सहकारिता विभाग ने आठ नए जिलों में योजना का खाका तैयार किया हैं।

03.मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के अंतर्गत इस वर्ष कितने दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

(a) 2000

(b) 5000

(c) 1000

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

◆◆ राजस्थान सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए एक महत्वपूर्ण मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य चलने में असमर्थ दिव्यांगों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करना है।

◆वर्ष 2025-26 के बजट में इस योजना के लिए विशेष प्रावधान किया है। योजना के तहत इस वर्ष करीब 2,000 दिव्यांगजनों को स्कूटी वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है।

◆योजना का लाभ उन लोगों को भी दिया जाएगा जो नियमित रूप से शैक्षणिक या व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े हैं।

◆इच्छुक और पात्र आवेदक 15 मई तक इस योजना में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

**04.खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 में राजस्थान के हंसराज धायल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी कायम किया है?**



(A) तलवारबाजी

(B) बैडमिंटन

(C) डिस्कस थ्रो

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 में राजस्थान के हंसराज धायल ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी कायम किया.

♦उन्होंने 63.18 मीटर की दूरी पर डिस्कस थ्रो कर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया.

♦ राजस्थान के ही विशाल कुमार ने इसी स्पर्धा में रजत पदक जीता.

♦खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन 4 से 15 मई तक दिल्ली और बिहार में किया जा रहा

**05.खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में योगासन में किस राज्य ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता है?**

**(A) राजस्थान**

**(B) मध्यप्रदेश**

**(C) हरियाणा**

**(D) इनमें से कोई नही**

**Important Facts:**

➥योगासन में राजस्थान ने पहली बार स्वर्ण पदक जीता। राजस्थान के ऋतिक विश्नोई और उज्ज्वल ने आर्टिस्टिक पेयर स्पर्धा में 126.09 अंकों के साथ यह सफलता हासिल की। ♦प्रकृति शर्मा ने तलवारबाजी के सबरे इवेंट में गोल्ड मेडल जीता। फाइनल में प्रकृति ने कर्नाटक की तन्वी एस को 15-12 के स्कोर से हराया।

♦महाराष्ट्र वर्तमान में KIYG 2025 पदक तालिका में 36 स्वर्ण, 26 रजत और 25 कांस्य पदकों के साथ शीर्ष पर है।

♦राजस्थान 14 गोल्ड मेडल सहित कुल 30 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है

06. राजस्थान में कहां पर 11-13 अप्रैल तक इंटरनेशनल टाइगर वीक आयोजन किया गया है?

(A) रामगढ़

(B) कुंभलगढ़

(C) रणथंभौर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

राजस्थान के सवाईमाधोपुर में रणथंभौर में 11-13 अप्रैल तक इंटरनेशनल टाइगर वीक का आयोजन किया गया

♦इस टाइगर वीक  वन्यजीव संरक्षण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों को सात श्रेणियों में सम्मानित किया

♦वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया' के अध्यक्ष एम.के. रणजीत सिंह झाला को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड और राजसमंद के दिवंगत रेंजर किशोर कुमार समेत तीन लोगों को 'टाइगर वारियर्स अवॉर्ड' से नवाजा गया।

♦जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को 'सबसे बड़ी बाघ आबादी वाला बाघ अभ्यारणय' का खिताब दिया गया और मध्यप्रदेश को 'सबसे बड़ी बाघ आबादी वाला भारतीय राज्य' के रूप में मान्यता दी गई।।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**07.राजस्थान में इस वर्ष वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना' के तहत कितने लोगों को धार्मिक यात्राएं करवाई जाएंगी**

(a) 20 हजार

(b) 30 हजार

(c) 50 हजार

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥राजस्थान में हर साल बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों को 'वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना' के तहत धार्मिक यात्राएं करवाई जाती हैं

♦इसी तरह इस साल राजस्थान में 30 हजार की जगह 50 हजार लोगों को धार्मिक यात्राएं करवाई जाएंगी। आपको बता दें कि राज्य सरकार ने 2013 में इस योजना की शुरुआत की थी।

♦आरामदायक यात्रा के लिए देवस्थान विभाग वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य स्लीपर की जगह एसी ट्रेन में यात्रा करवाएगा

♦भारत के प्रमुख धार्मिक स्थलों के अलावा हवाई मार्ग से काठमांडू की तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों की संख्या विभाग ने 6 हजार रखी है।

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

08.हाल ही में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम कहां आयोजित किया गया?

(a) बीकानेर

(b) उदयपुर

(c) कोटा

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦26 मार्च को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम आयोजित किया गया

♦मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय किसान उत्पादक संगठन मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया

♦बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया.

**09. हाल ही में नई दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर में भारत बोध केंद्र का उद्घाटन किसके द्वारा किया गया?**

(a) नरेंद्र मोदी

(b) अमित शाह

(c) मनोहर लाल खट्टर

(d) इनमें से कोई नहीं



**Important Facts:**

♦इंडिया हैबिटेट सेंटर में भारत बोध केंद्र का शुभारंभ

♦केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य के मंत्री मनोहर लाल ने 10 मई, 2025 को नई दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर में भारत बोध केंद्र का उद्घाटन किया।

♦यह पहल कला, दर्शन, आध्यात्मिकता और इतिहास पर क्यूरेटेड पुस्तकों और संसाधनों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को बढ़ावा देती है।

♦यह केंद्र हैबिटेट लाइब्रेरी और रिसोर्स सेंटर का हिस्सा है और एक शांत जगह प्रदान करता है।

10. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) का कार्यकारी अध्यक्ष किसेनियुक्त किया गया है?

(a) न्यायमूर्ति सूर्यकांत

(b) न्यायमूर्ति रवींद्र भट्ट

(c) न्यायमूर्ति अशोक कुमार

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

## ➥ न्यायमूर्ति सूर्यकांत को NALSA का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया

♦सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को 14 मई, 2025 से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

♦उनकी नियुक्ति न्यायिक परंपरा के अनुसार की गई है, जो न्यायमूर्ति बी. आर. गवई का स्थान लेंगे तथा निःशुल्क कानूनी सहायता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

♦1995 में स्थापित NALSA, कमज़ोर वर्गों के लिए न्याय तक पहुँच सुनिश्चित करता है।

**Today, Quiz:**

**Q.राजस्थान का पहला मधुमक्खी पालन उत्कृष्टता केन्द्र कहां बनाया जाएगा?**

(A) देवड़ावास, टोंक

(B) पोकरण, जैसलमेर

(C) आमेर, जयपुर

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine